# प्रोजेक्ट PARI

स्रोत: पी.आई.बी.

हाल ही में **संस्कृति मंत्रालय** ने नई दिल्ली में विश्व धरोहर समिति की बैठक के 46वें सत्र के दौरान **प्रोजेक्ट PARI (Public Art of India अर्थात् भारत की सार्वजनिक कला)** की शुरुआत की।

- इसका उद्देश्य आधुनिक विषयों और तकनीकों को शामिल करते हुए **भारत की कलात्मक विरासत (लोक कला/लोक संस्कृति)** से प्रेरणा लेने वाली सार्वजनिक कला को सामने लाना है।
- देश भर से 150 से अधिक दृश्य कलाकार दिल्ली में सार्वजनिक स्थानों के सौंदर्यीकरण के लिये **दीवार चित्रकला (wall paintings), भित्ति चित्र (murals), मूर्तियाँ (sculptures) और प्रतिष्ठानों** सहित विभिन्न कलाकृतियाँ बनाएंगे।
- ये मूर्तियाँ प्रकृति, **नाट्यशास्त्र के विचारों, गांधीजी, भारत के खिलौनों, प्राचीन ज्ञान, नाद या आदि ध्वनि, जीवन की सद्भावना और कल्पतरु (दिव्य वृक्ष)** को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी।

## विश्व धरोहर समिति (WHC):

- यह [यूनेस्को की विश्व धरोहर](#) सूची में **नए स्थलों** को शामिल करने पर निर्णय लेता है।
- भारत **जुलाई 2024** में **पहली** बार इस बैठक की मेज़बानी करने जा रहा है।
- भारत में **42 यूनेस्को** विश्व धरोहर स्थल हैं, जिनमें हाल ही में 'होयसल के पवित्र समूह' को भी शामिल किया गया है।
- इसमें 34 (सांस्कृतिक स्थल), 7 (प्राकृतिक) और 1 (मिश्रित) शामिल हैं।

//

**और पढ़ें:** [भारत में विश्व धरोहर स्थल](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/project-pari